हिन्दी व्याकरण

उपसर्ग

BY – SCIENCE KA MAHAKUMBH

उपसर्ग की परिभाषा

वे शब्दांश, जो किसी शब्द के आरंभ में लगकर उनके अर्थ में विशेषता ला देते हैं या तो उनके अर्थ को बदल देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।

जैसे- उपकार, आहार, अनुकरण, अनुरूप इत्यादि।

उपसर्ग की संख्या

Science ka Mahakumbh

हिंदी में प्रचलित उपसर्गों को निम्नलिखित भागो में विभाजित किया जा सकता है-

(1) संस्कृत के उपसर्ग

(2) हिंदी के उपसर्ग

(3) उर्दू के उपसर्ग

(4) अंग्रेजी के उपसर्ग

(5) अरबी, फारसी के उपसर्ग

(1) संस्कृत के उपसर्ग

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
अति	अधिक	अतिकाल, अत्याचार, अतिक्रमण, अतिवृष्टि, अतिशीघ्र, अत्यन्त, अत्याचार,अतिरिक्त, अतिशय, अत्युक्ति इत्यादि।
अधि	ऊपर, श्रेष्ठ	अधिकरण, अधिकार, अधिराज, अध्यात्म, अधिनियम, अधिनायक, अधिकृत, अधिकरण, अध्यक्ष, अध्ययन, अधिपति इत्यादि।
अप	बुरा, अभाव, हीनता	अपकार, अपमान, अपशब्द, अपराध, अपहरण, अपकीर्ति, अपप्रयोग, अपव्यय, अपवाद इत्यादि।
अनु	पीछे, क्रम, पश्र्चात	अनुशासन, अनुज, अनुपात, अनुवाद, अनुचर, अनुकरण, अनुरूप, अनुस्वार, अनुशीलन इत्यादि।
आ	तक/से	आकाश, आदान, आघात, आरक्षण, आमरण, आगमन, आजीवन, आजन्म, आरम्भ, आचरण, आमुख, आकर्षण, आरोहण इत्यादि।
अभि	पास	अभिवादन, अभिमान,अभिनव, अभिनय, अभिभाषण, अभियोग इत्यादि।
अव	हीनता, अनादर,	अवगत, अवलोकन, अवनत, अवस्था, अवसान, अवज्ञा, अवरोहण, अवतार,

	पतन	अवनति, अवशेष, इत्यादि।
उप	निकटता, सदृश, गौण, सहायक	उपकार, उपकूल, उपनिवेश, उपदेश, उपस्थिति, उपवन, उपनाम, उपासना, उपभेद इत्यादि।
उत्	श्रेष्ठ	उत्पत्ति, उत्कंठा, उत्पीड़न, उत्कृष्ट, उन्नत, उल्लेख
दुर्	कठिन/गलत	दुर्दशा, दुराग्रह, दुर्गुण, दुराचार, दुरवस्था, दुरुपयोग इत्यादि।
दुस्	बुरा/कठिन	दुश्चिन्त, दुश्शासन, दुष्कर, दुष्कर्म, दुस्साहस, दुस्साध्य इत्यादि।
नि	भीतर, नीचे, अतिरिक्त	निदर्शन, निपात, नियुक्त, निवास, निरूपण, निवारण, निम्र, निषेध, निरोध, निदान, निबन्ध इत्यादि।
निर्	बाहर, निषेध, रहित	निर्वास, निराकरण, निर्भय, निरपराध, निर्वाह, निर्दोष, निर्जीव, निरोग, निर्मल इत्यादि।
निस्	बिना/बाहर	निश्चय, निश्छल, निष्काम, निष्कर्म, निष्पाप, निष्फल इत्यादि।
परा	उलटा, अनादर	पराजय, पराक्रम, पराभव, परामर्श, पराभूत इत्यादि।
परि	चारों ओर	परिक्रमा, परिजन, परिणाम, परिधि, परिपूर्ण इत्यादि।
प्र	आगे	प्रकाश, प्रख्यात, प्रचार, प्रबल, प्रभु, प्रयोग, प्रगति, प्रसार, प्रयास इत्यादि।
प्रति	विरोध, प्रत्येक	प्रतिक्षण, प्रतिनिधि, प्रतिकार, प्रत्येक, प्रतिदान, प्रतिकूल, प्रत्यक्ष इत्यादि।
वि	भिन्नता, हीनता,	विकास, विज्ञान, विदेश, विधवा, विवाद, विशेष, विस्मरण, विराम,

	असमानता, विशेषता	वियोग, विभाग, विकार, विमुख, विनय, विनाश इत्यादि।
सम	समान	समकोण, समकक्ष, समतल, समदर्शी, समकालीन, समग्र इत्यादि।
सु	सुखी, अच्छा	सुन्दर सुकृत, सुगम, सुलभ, सुदूर, स्वागत, सुयश, सुभाषित, सुवास, सुजन इत्यादि।
अध	आधे के	अधजला, अधपका, अधखिला, अधमरा, अधसेरा इत्यादि।

(2) हिंदी के उपसर्ग

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
अन	निषेध	अनमोल, अनजान, अनकहा, अनदेखा इत्यादि।
अध	आधा	अधजला, अधखिला, अधपका, अधकचरा, अधकच्चा, अधमरा इत्यादि।
उन	एक कम	उनतीस, उनचास, उनसठ इत्यादि।
भर	पूरा	भरपेट, भरपूर, भरदिन इत्यादि।
दु	बुरा, हीन	दुबला, दुर्जन, दुर्बल, दुकाल इत्यादि।
अ	अभाव, निषेध	अछूता, अथाह, अटल, अज्ञान, अधर्म, अस्वीकार इत्यादि।
नि	कमी	निगोड़ा, निडर, निहत्था, निकम्मा
क	बुरा, हीन	कपूत, कचोट इत्यादि।
कु	बुरा	कुचाल, कुचैला, कुचक्र, कुखेत, कुपात्र, कुकाठ, कपूत, कुढंग इत्यादि।
औ /अव	हीन, निषेध	औगुन, औघर, औसर, औसान

		इत्यादि।
सु	अच्छा	सुडौल, सुजान, सुघड़, सुफल इत्यादि।
पर	दूसरा, बाद का	परलोक, परोपकार, परसर्ग, परहित इत्यादि।
बिन	बिना, निषेध	बिनब्याहा, बिनबादल, बिनपाए, बिनजाने, बिनजाना, बिनबोया, बिनदेखा, बिनखाया, बिनचखा, बिनकाम इत्यादि।

(3) उर्दू के उपसर्ग

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
ला	बिना	लाचार, लाजवाब, लापरवाह, लापता इत्यादि।
बद	बुरा	बदसूरत, बदनाम, बददिमाग, बदमाश, बदकिस्मत इत्यादि।
बे	बिना	बेकाम, बेअसर, बेरहम, बेईमान, बेरहम इत्यादि।
ग़ैर	के बिना, निषेध	गैरकानूनी, गैरजरूरी, ग़ैर हाज़िर, गैर सरकारी, इत्यादि।
खुश	श्रेष्ठता के अर्थ में	खुशनुमा, खुशगवार, खुशमिज़ाज, खुशबू, खुशदिल, खुशहाल इत्यादि।
ना	अभाव	नाराज, नालायक, नामुमकिन, नादान, नापसन्द, नादान इत्यादि।
कम	थोड़ा	कमबख्त, कमज़ोर, कमदिमाग, कमअक्ल, कमउम्र इत्यादि।
अल	निश्चित	अलबत्ता, अलगरज इत्यादि।
बर	ऊपर, पर,	बरखास्त, बरदाश्त, बरवक्त इत्यादि।

	बाहर	
बिल	के साथ	बिलआखिर, बिलकुल, बिलवजह इत्यादि।
हम	बराबर	हमउम्र, हमदर्दी, हमपेशा इत्यादि।
दर	में	दरअसल, दरहक़ीक़त इत्यादि।
ब	और, अनुसार	बनाम, बदौलत, बदस्तूर, बगैर इत्यादि।
बा	सहित	बाकायदा, बाइज्जत, बाअदब, बामौक़ा इत्यादि।
सर	मुख्य	सरताज, सरदार, सरपंच, सरकार इत्यादि।
बिला	बिना	बिलावजह, बिलाशक इत्यादि।
हर	प्रत्येक	हरदिन, हरसाल, हरएक, हरबार इत्यादि।

(4) अंग्रेजी के उपसर्ग

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
सब	अधीन, नीचे	सब-जज, सब-कमेटी, सब-इंस्पेक्टर इत्यादि।
डिप्टी	सहायक	डिप्टी-कलेक्टर, डिप्टी-रजिस्ट्रार, डिप्टी-मिनिस्टर इत्यादि।
वाइस	सहायक	वाइसराय, वाइस-चांसलर, वाइस-पप्रेसीडेंट इत्यादि।
जनरल	प्रधान	जनरल मैनेजर, जनरल सेक्रेटरी इत्यादि।
हेड	मुख्य	हेडमास्टर, हेड क्लर्क इत्यादि।
चीफ	प्रमुख	चीफ-मिनिस्टर, चीफ-इंजीनियर,

		चीफ-सेक्रेटरी इत्यादि।

(5) अरबी, फारसी के उपसर्ग

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
अल	निश्चित	अलबत्ता, अलगरज इत्यादि।
कम	थोड़ा, हीन	कमजोर, कमबख्त, कमअक्ल इत्यादि।
खुश	अच्छा	खुशनसीब, खुशखबरी, खुशहाल, खुशबू इत्यादि।
गैर	निषेध	गैरहाजिर, गैरकानूनी, ग़ैरमुल्क, गैर-जिम्मेदार इत्यादि।
दर	में	दरअसल, दरहकीकत इत्यादि।
ना	अभाव	नापसंद, नाराज, नालायक इत्यादि।

TELEGRAM GROUP LINK 1	CLICK HERE
TELEGRAM GROUP LINK 2	CLICK HERE
INSTAGRAM LINK	CLICK HERE